# Medicaid के नियमों में कुछ नए बदलाव होने जा रहे हैं। क्या आप तैयार हैं?

Medicaid GET THE FACTS

## *क्या बदलाव होने जा रहे हैं और कब से?*

| "योग्य आप्रवासियों" के लिए पात्रता | अक्टूबर 2026 से लागू |
|---|---|
| **"योग्य आप्रवासियों" की संघीय परिभाषा में जल्द ही बदलाव होने वाला है, जिसके कारण पहले Medicaid कवरेज के लिए पात्र रहे और कानूनी रूप से अमेरिका में रह रहे कई गैर-नागरिक अब इस योजना के लिए पात्र नहीं रहेंगे।** | **निम्नलिखित वयस्क समूह अब पात्र नहीं माने जाएँगे:**<br>▪ शरणार्थी और शरण मांगने वाले लोग<br>▪ घरेलू हिंसा और मानव तस्करी के शिकार लोग<br>**निम्नलिखित समूह अब भी पात्र बने रहेंगे:**<br>▪ 19 साल से कम उम्र के बच्चे<br>▪ गर्भवती महिलाएं<br>▪ ग्रीन कार्ड होल्डर्स, जो 5 साल या उससे ज़्यादा समय से अमेरिका में रह रहे हैं<br>▪ क्यूबा और हैती से आए प्रवासी<br>▪ मुक्त संघ समझौता (Compact of Free Association, COFA) देशों से आए प्रवासी |
| **काम की शर्तें और बार-बार रिन्यूअल (पात्रता की पुनः समीक्षा) प्रक्रिया** | **1 जनवरी, 2027 से लागू** |
| **वे लोग जिन्हें सुलभ स्वास्थ्य सेवा अधिनियम यानी ओबामाकेयर के तहत मिले Medicaid विस्तार के कारण स्वास्थ्य कवरेज मिली है (जिन्हें "ACA वयस्क" भी कहा जाता है) अब उनके लिए योग्यता की नई शर्तें और नियम लागू होंगे।**<br><br>**"ACA वयस्क" लाभार्थियों में वे लोग शामिल हैं जो:**<br>▪ 19 से 64 साल की उम्र के हैं<br>▪ जिन्हें Medicare की सुविधा नहीं मिलती है, और<br>▪ जिनके साथ उनका कोई 18 साल या उससे कम उम्र का बच्चा नहीं रहता है, जो उन पर निर्भर हो | **अपनी पात्रता बनाए रखने के लिए, "ACA वयस्क" लाभार्थियों को Medicaid लाभार्थियों के लिए यह ज़रूरी है कि वे:**<br>▪ हर 6 महीने में अपनी कवरेज को रिन्यू कराएं (जिसे दोबारा जांच या पात्रता की पुनः समीक्षा प्रक्रिया भी कहा जाता है)<br>▪ हर महीने कम से कम 80 घंटे काम, स्कूल/कॉलेज या समाज सेवा करके दिखाएं<br><br>**कुछ लोगों को इन नियमों से छूट मिल सकती है।**<br><br>**इसकी पूरी जानकारी सितम्बर 2026 में स्वास्थ्य सेवा एवं परिवार सेवाएँ (Healthcare and Family Services, HFS) द्वारा जारी की जाएगी** |

## *क्या आपके पास Medicaid है? आप अभी से ये तैयारियां शुरू कर सकते हैं:*

1. **योजना में बने रहें।** योग्यता से जुड़े शुरुआती बदलाव अक्टूबर से पहले लागू नहीं होंगे। अपनी कवरेज को रिन्यू कराएं और जो भी इलाज आपको चाहिए, उसे अभी तुरंत लें।
2. **संपर्क में रहें।** इलिनॉय स्वास्थ्य सेवा एवं परिवार सेवाएँ विभाग (Department of Healthcare and Family Services, HFS) के पास अपना पता और फोन नंबर हमेशा अप-टू-डेट रखें। अगर आपकी Medicaid सुविधा को चालू रखने के लिए कुछ भी नया करने की ज़रूरत होगी, तो HFS आपको खुद इसकी जानकारी देगा।
3. **अप-टू-डेट रहें।** HFS, अपनी स्वास्थ्य योजना और डॉक्टर के दफ्तर से मिलने वाली Medicaid बदलावों की जानकारियों पर पैनी नज़र रखें। उन्हें सोशल मीडिया पर फॉलो करें और उनके न्यूज़लेटर्स के लिए साइन-अप करें। अधिक जानकारी के लिए GetMedicaidFacts.com पर जाएं।